भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

26.06.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 659 का उत्तर

परीक्षाओं में बैठने वाले विद्यार्थियों हेतु कोटा

659. श्री कौशल किशोरः
श्री उपेन्द्र सिंह रावतः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विभिन्न परीक्षाओं में बैठने वाले विद्यार्थियों की सहायता के लिए कोई योजना लाने का विचार है ताकि उनके रेल टिकटों के कन्फर्मेशन के लिए उन्हें कोई विशेष कोटा मिल सके;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): 15-45 वर्ष आयु के बेरोजगार युवकों, जो निर्धारित मानदंड को पूरा करते हैं, के लिए चार रेलगाड़ियों अर्थात 12247/48 बांद्रा टर्मिनस-निजामुद्दीन और 12249/50 हावड़ा-आनंद विहार टर्मिनल में पृथक युवा कोटा चिह्नित किया गया है। आपातकालीन आवश्यकताओं के लिए, यात्री तत्काल कोटा के तहत अपने टिकट बुक करा सकते है जो 1000/1100 बजे क्रमशः वातानुकुलित/गैर-वातानुकुलित श्रेणियों के लिए गाड़ी के ऑरिजिनेटिंग स्टेशन से यात्रा की तारीख को छोड़कर यात्रा के एक दिन पूर्व बुकिंग के लिए उपलब्ध होता है।

*****

sk